Seventeenth Loksabha

>

Title: Demand to establish a Pilgrimage Development Authority in Chitrakoot for tourism promotion.

श्री गणेश सिंह (सतना): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के पर्यटन मंत्री जी का ध्यान देश के सबसे बड़े धार्मिक और पर्यटन स्थल – चित्रकूट जो मेरे लोक सभा क्षेत्र में है, उसकी ओर दिलाना चाहता हूँ । लाखों यात्री वहां पर आते हैं, लेकिन सुविधाओं का अभाव है । लोग वहां रामपथगमन के लिए आते हैं । उसकी सड़क के निर्माण के लिए, 84 कोसी परिक्रमा है । उसके तीर्थस्थलों के विकास के लिए, माँ मंदाकिनी नदी के संरक्षण के लिए, कामताराज जी परिक्रमा केंद्र सुविधाओं के लिए, रामायणम् के निर्माण के लिए लगातार मैंने पहले भी प्रस्ताव भेजे हैं, लेकिन आज तक उनमें से किसी की स्वीकृति नहीं मिली है । वहां के साधु संत हमेशा मांग उठाते हैं, चूंकि वह बहुत-बड़ा धार्मिक स्थल है । उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सरकार से बातचीत कर के एक विशेष धामिर्क विकास प्राधिकरण बनाने की मेरी मांग है । मैं वहां पर वित्तीय सहायता पहुंचाने की मांग करता हूँ ।